346

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
## Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अन्तर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

**क़ादर नवाज़ ख़ान**
**कुलसचिव (कार्यवाहक)**
**Kadar Nawaz Khan**
**Registrar (Acting)**

**दूरभाष/Phone :** +91-7152-230902
**फैक्स/Fax :** +91-7152-247602

**पत्रांक : 04A/प्र.प्र./NTA-CUET/2025-26 पार्ट-1/3849**
**दिनांक : 13.07.26**

## परिपत्र

शैक्षणिक सत्र : 2026-27 स्नातक/पीजी डिप्लोमा/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु दिशा-निर्देश

विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष / निदेशक / प्रभारी / अकादमिक निदेशक से NTA-CUET तथा Non-CUET-UG-2026-27 के स्नातक तथा पीजी डिप्लोमा / डिप्लोमा / सर्टिफिकेट कार्यक्रमों में प्रवेश के समय निम्न दिशा-निर्देशों का बिंदुवार अनुपालन सुनिश्चित करें–

1. **NTA-CUET** तथा **Non-CUET-UG-2026-27** तथा पीजी डिप्लोमा / डिप्लोमा / सर्टिफिकेट कार्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन संपन्न की जानी है।
2. शैक्षणिक सत्र : 2026-27 **NTA-NCET-ITEP-UG** में प्रवेश हेतु विभागाध्यक्ष शिक्षा को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया हेतु वरीयता सूची तैयार करने के लिए आगणन तालिका का प्रारूप अकादमिक विभाग द्वारा दिनांक **12 जुलाई, 2026** को प्रेषित किया जायेगा। अकादमिक विभाग द्वारा प्रेषित किये गये पंजीकृत अभ्यर्थियों के डाटा के अनुसार विभाग द्वारा दिनांक **13.07.2026** को यूजीसी/एनसीईटी आदि के नियमानुसार मेधा के आधार पर आरक्षण को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी करने तथा **20.07.2026** तक अभ्यर्थी की ऑनलाइन काउंसलिंग कर अभ्यर्थियों से कार्यक्रम हेतु निर्धारित शुल्क जमा कराना होगा।
3. समस्त विभागाध्यक्ष / निदेशक / अकादमिक निदेशक आदि को शैक्षणिक सत्र : 2026-27 के स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया हेतु वरीयता सूची तैयार करने के लिए आगणन तालिका का प्रारूप अकादमिक विभाग द्वारा दिनांक **15 जुलाई, 2026** तक प्रेषित किया जायेगा तथा समर्थ पोर्टल पर विभाग / केंद्र के स्नातक कार्यक्रमों के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में दी गयी सूचनाओं तथा उनके अर्जित **NTA-CUET-UG** स्कोर के आधार पर **दिनांक : 16 जुलाई, 2026** तक चयनित अभ्यर्थियों की वरीयता & प्रतीक्षा सूची आरक्षण नियमों को ध्यान में रखते हुए तथा **ऑनलाइन काउंसलिंग / शुल्क** जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक : 23 जुलाई, 2026 तक का उल्लेख करते हुए जारी करना होगा। यह भी सूचनीय है कि चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी करने से पूर्व संलग्न प्रपत्र में अध्ययन केंद्र का विकल्प अवश्य प्राप्त किया जाये।
4. शिक्षा एवं व्यावसायिक कार्यक्रमों (बीसीए,बीए.एलएलबी.) को छोड़कर विभिन्न विभागों की रिक्त सीटों पर **मेधा के** आधार पर Non-CUET-UG-2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया संपन्न की जानी है। इच्छुक अभ्यर्थियों को Non-CUET प्रक्रिया द्वारा वरीयता के आधार पर प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन करने की तिथि 14 जुलाई से 20 जुलाई, 2026 तक निर्धारित है। वरीयता सूची तैयार करने के लिए आगणन तालिका का प्रारूप

क़ादर नवाज़
13/7/26

345

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अन्तर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

**क़ादर नवाज़ ख़ान**
**कुलसचिव (कार्यवाहक)**
**Kadar Nawaz Khan**
**Registrar (Acting)**

**दूरभाष/Phone :** +91-7152-230902
**फैक्स/Fax :** +91-7152-247602

अकादमिक विभाग द्वारा दिनांक 21 जुलाई, 2026 तक प्रेषित की जायेगी तथा समर्थ पोर्टल पर विभाग / केंद्र के स्नातक कार्यक्रमों के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में दी गयी सूचनाओं तथा उनके मेधा के आधार पर आरक्षण को ध्यान में रखते हुए दिनांक : 24 जुलाई, 2026 तक चयनित अभ्यर्थियों की वरीयता सूची / प्रतीक्षा सूची तथा ऑनलाइन काउंसलिंग / शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक : 30 जुलाई, 2026 तक जारी करें।

**5.** शैक्षणिक सत्र : 2026-27 NoN-CUET पीजी डिप्लोमा / डिप्लोमा / सर्टिफिकेट में प्रवेश हेतु अकादमिक विभाग द्वारा दिनांक 14 एवं 15 जुलाई, 2026 को निर्धारित प्रक्रिया के पश्चात संबंधित विभागों को डाटा प्रेषित किया जायेगा| पंजीकृत अभ्यर्थियों के डाटा के अनुसार संबंधित विभागों द्वारा **दिनांक 16.07.2026** को यूजीसी के नियमानुसार मेधा के आधार पर आरक्षण को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी करने तथा **23.07.2026** तक अभ्यर्थी के मूल दस्तावेजों की ऑनलाइन काउंसलिंग कर अभ्यर्थियों से निर्धारित कार्यक्रम शुल्क जमा कराना होगा।

यह परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरांत जारी किया जा रहा है।

क़ादर नवाज़
**(कुलसचिव)**
13/7/26

प्रतिलिपि:
1. कुलपति सचिवालय
2. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/प्रभारी/निदेशक/अकादमिक निदेशक
3. कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक/वित्ताधिकारी कार्यालय
4. लीला विभाग (वेबसाईट पर अपलोड हेतु)
5. रक्षित पत्रावली